खाटू की याद जब जब आये

खाटू की याद जब जब आये हाय दिल मेरा भर आये,
मेरे श्याम दो पंख हमे देदो ताकि उड़ करके आ जाये,

मेरा आना दर्शन पाना वो तुम्हारा अदा से मुस्कुराना,
जब जब देखे मेरे आंसू वो तुम्हारा गले से लगाना,
वो गड़ियां हम श्याम कैसे भूले भूले,
भूले तो मर जाये,
खाटू की याद जब जब आये हाय दिल मेरा भर आये,

तू आधार है तू दातार है तेरे प्रेमी तो लाखो हज़ार है,
एक दूजे को न पहचाने फिर भी कितना बड़ा परिवार है,
तू उनका एक ही रखवाला बाबा हार के जो दर आये,
खाटू की याद जब जब आये हाय दिल मेरा भर आये,

बाबा यारी ये हमारी है हमें जा से प्यारी,
मिलने तुमसे मैं नित आउ है मेरे दिल की यही बेकरारी,
निज चरणों में मेमि तू तो लेले कुछ एहसान कर जाये,
खाटू की याद जब जब आये हाय दिल मेरा भर आये,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5081/title/khatu-ki-yaad-jab-jab-aaye-haye-dil-mera-bhar-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |